K23U 4108

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.(RTM)/B.B.A.(TTM)/B.B.A.(AH)/ B.T.T.M./L.R.P. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Regular/Supplementary/ Improvement) Examination, November 2023
(2019 Admission Onwards)
Additional Common Course in Hindi
1A071-HIN : कविता और कहानी – KAVITHA AUR KAHANI

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'बस बहुत हो चुका' कविता में चित्रित समाज व्यवस्था की असमानताओं पर प्रकाश डालिए ।

2) कवि निराला जी ने 'जुही की कली' में विरह पीड़ित नायिका का वर्णन किया है – स्पष्ट कीजिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) 'सिक्का बदल गया' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

4) 'बयान' कहानी में चित्रित न्याय व्यवस्था के खोखलेपन पर प्रकाश डालिए ।

III. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

5) माली आवत देख करि, कलियाँ करी पुकार ।
फूले-फूले चुन चुन लिए, कालिह हमारी बार ।

6) निरगुन कौन देस को वासी
मधुकर किह समझाई सौंह दै, बूझति साँचि न हाँसी
को है जनक, कौन है जननि, कौन नारि, कौन दासी
कैसे वरन भेष है कैसो, किंह रस में अभिलाषी
पावेगो पुनि कियौ आपनो । जो रे करोगो गांसी ।
सुनत मौन ह्वै रह्यो बावरो, सूर सबै मति नासी ।

P.T.O.

7) जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ–
यह तीसरा आदमी कौन है ?
मेरे देश की संसद मौन है ।

8) रहस्यमय हैं इस स्त्री की उलटबासियाँ
इन्हें समझो,
इस स्त्री से डरो।

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

9) कबीर की भक्ति भावना का परिचय दीजिए ।

10) सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर प्रकाश डालिए ।

11) 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' कविता में व्यक्त आशावादी दृष्टि पर प्रकाश डालिए ।

12) गुमशुदा लोगों को पहचानने के निशान क्या-क्या हैं ?

V. निम्नलिखित में से किन्हीं **आठ** प्रश्नों के **एक-एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) कबीर की वाणियों के संग्रह का नाम क्या है ?

14) सूरदास किस भक्तिधारा के कवि हैं ?

15) जयशंकर प्रसाद किस युग के प्रतिनिधि कवि हैं ?

16) 'यह तीसरा आदमी कौन है।' धूमिल के अनुसार तीसरा आदमी कौन है ?

17) 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' कविता में नाविक किसका प्रतीक है ?

18) 'गुमशुदा' किसकी कविता है ?

19) 'बयान' किसकी कहानी है ?

20) बूढ़ी काकी ने अपनी सारी संपत्ति किसको दी ?

21) 'फूलों का कुर्ता' किसकी कहानी है ?

22) शेरा का पालन पोषण किसने किया ?